Need to sanction funds for reopening of the 205 bed FCI Hospital in Sindri, Dhanbad, Jharkhand.-laid

श्री दुलू महतो (धनबाद) **:** मैं सरकार का ध्यान धनबाद के सिंदरी स्थित FCI अस्पताल की जर्जर स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ । वर्ष 2003 से बंद पड़ा यह 205 बेड का अस्पताल, 300 एकड़ भूमि और विशाल भवन संरचना के साथ आज पूरी तरह उपेक्षित है । कभी यह औद्योगिक क्षेत्र की जीवनरेखा था, किंतु आज संसाधनों के अभाव में स्थानीय नागरिक गंभीर उपचार हेतु अन्य राज्यों के महंगे अस्पतालों पर निर्भर हैं । औद्योगिक प्रदूषण की चुनौतियों को देखते हुए यहाँ आधुनिक चिकित्सा की तत्काल आवश्यकता है । इस अधोसंरचना का तकनीकी विकास कर न्यूनतम निवेश में इसे AIIMS स्तरीय सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाया जा सकता है । प्रमुख मांगें: अवसंरचना का उपयोग**:** उपलब्ध भूमि व भवनों का पुनरुद्धार कर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल विकसित किया जाए । सुलभ सेवा: इसे नो प्रॉफिट, नो लॉस आधार पर संचालित कर आयुष्मान भारत के लाभार्थियों और स्थानीय जनता को उच्च स्तरीय उपचार मिले । शिक्षा व रोजगार: अस्पताल परिसर में पैरा-मेडिकल और नर्सिंग कॉलेज स्थापित कर युवाओं हेतु अवसर सृजित किए जाएँ । यह पहल प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ भारत संकल्प को साकार कर कोयलांचल में स्वास्थ्य क्रांति लाएगी । अतः मेरा निवेदन है कि इसे प्राथमिकता देते हुए केंद्रीय अनुदान शीघ्र स्वीकृत किया जाए ।